वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 11 | सोमवार 6 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर आए सलमान के परिवार ने की खरीदारी

## सोहेल ने पिता के लिए कैप खरीदी, पूर्व मंत्री बोलीं-सलमान ने जवाई लेपर्ड का ध्यान रखने में मदद की

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान और बड़ी बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री जयपुर पहुंचे। उनके साथ सेलेब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यास्मीन कराचीवाला और पूर्व पर्यटन मंत्री बीना काक और यूट्यूबर आवेज दरबार भी मौजूद रहे। सलमान के परिवार ने जयपुर में अपने नए कपड़ों के शोरूम में शॉपिंग की। इस दौरान सोहेल ने अपने पिता सलीम खान के लिए डेनिम और मिलिट्री कलर की दो कैप खरीदी। जयपुर में सलमान के ब्रांड बीइंग ह्यूमन का 100वां फ्लैगशिप स्टोर खोला गया है, जो मालवीय नगर स्थित हॉरिजेंटल मॉल में है।

### खमा-घणी और राम-राम सा बोलकर किया अभिवादन

सलमान का परिवार रविवार को शाम करीब 4.58 बजे शोरूम पहुंचा। यहां सोहेल को लोगों ने खमा घणी और राम-राम सा से संबोधित किया। उन्होंने भी लोगों का खमा घणी और राम-राम सा बोलकर अभिवादन किया। इस दौरान सोहेल और अलवीरा ने सिर पर साफा भी बंधवाया। यास्मीन ने सेल्फी क्लिक की। बीना काक ने बताया कि आज पूरी दुनिया जवाई लेपर्ड एरिया देखने आ रही है। उसकी शुरुआत मैंने सलमान के हाथ से की थी। सलमान और उनकी पूरी टीम जवाई आए थे और 60 हजार पेड़ लगाए थे। पेड़ लगाने के बाद सलमान पानी देने से लेकर पेड़ों का ध्यान रखने तक का खर्चा कलेक्टर को देकर गए थे।



### चैरिटी घर से शुरू होनी चाहिए

इस दौरान सोहेल ने कहा कि जयपुर में फ्लैगशिप स्टोर खुला है। इतना बड़ा स्टोरी अभी तक नहीं देखा है। बीइंग ह्यूमन जैसे कॉन्सेप्ट में चैरिटी भरा हुआ है। चैरिटी कई बार बोरिंग हो जाती है, लेकिन यह ऐसा कॉन्सेप्ट है, जो चलता रहेगा। फैशनेबल रहेगा। जब यहां से कुछ पहनोगे तो आपको फील आएगा कि आपने किसी के जीवन में असर डाला है। उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि चैरिटी घर से शुरू होनी चाहिए। मैं रोज देखता हूं, डैडी वॉक पर जाते हैं। मैंने उनके लिए डेनिम और मिलिट्री कलर का कैप लिया है। उनको डेनिम और मिलिट्री कलर बहुत पसंद है। सोहेल ने अपने फैशन स्टाइल पर कहा कि डेनिम पर्सन हूं। कॉटन में भी काफी कुछ चीजें हैं, जिन्हें मैं पहनना पसंद करता हूं। मेरे लिए बहुत सी चीजें हैं, जो मिल जाती है। हम खाना और कपड़े अपने हिसाब से ही बनाते हैं। जयपुर की मेहमान नवाजी के लिए उन्होंने कहा- बीना जी के यहां हमारी मेहमान नवाजी बेहद खास होती है। ये हमारी बड़ी बहन हैं। उनके यहां गए और कुछ देर आराम किया। शानदार राजस्थानी खाना खाया। यहां आ गए और अब यहां से मुंबई चले जाएंगे। सोहेल ने कहा- राजस्थान के बारे में यहां का खाना ही सब कुछ कह देता है। यहां की मेहमान नवाजी का कोई मुकाबला नहीं है। हम सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग भी खेलते हैं। 12 साल हो गए। हमें हमेशा से लगता था कि राजस्थान में सीसीएल होगा। ऐसा ही हुआ। ये स्टेट प्यार बांटता है। खाना खिलाता है। यह क्यों नहीं पसंद आएगा।

# राजस्थान के 17 शहरों में 40 डिग्री पहुंचा पारा

## जयपुर में सीजन में पहली बार 40.2 डिग्री पर आया तापमान, 9 मई को 18 जिलों में हीटवेव का अलर्ट

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में गर्मी के तेवर तेज हो गए हैं। रविवार को 17 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर में रविवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, यहां पहली बार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 9 मई तक राज्य में गर्मी और तेज होने की संभावना है और तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। रविवार को जयपुर समेत 17 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी कल धौलपुर जिले में रही, जहां का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। धौलपुर के साथ फलोदी में 42.2, करौली और टोंक के निवाई में 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, जोधपुर, चूरू, गंगानगर में कल दिन में 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी फोरकास्ट देखें तो 9 मई को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी जिलों में हीटवेव चलने की आशंका है। इस हीटवेव की चपेट में जोधपुर, बीकानेर संभाग के अलावा जयपुर, भरतपुर संभाग के जिले भी आएंगे। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान से आ रही गर्म हवाओं का प्रभाव पूर्वी राजस्थान तक रहेगा।

### इन जिलों में 9 मई को हीटवेव का अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर ने 9 मई को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, नागौर, सीकर, जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा और बारां में सामान्य से ज्यादा तापमान रहने और हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया है। जयपुर में रविवार को तेज गर्मी रही और सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज हुआ। कल यहां सीजन में पहली बार तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। दोपहर में हल्की गर्म हवा भी चली। इससे पहले जयपुर में इस सीजन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।



# वर्ल्ड लाफ्टर-डे पर सेन्ट्रल पार्क में जुटे शहरवासी, अच्छी सेहत के लिए हंसी-ठहाके

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सेन्ट्रल पार्क के गेट न. 4 पर रविवार को हर उम्र के लोगों ने जमकर ठहाके लगाए। मौका था विश्व हास्य दिवस के अवसर पर हास्यम्-संस्था द्वारा सन टू ह्यूमन फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब जयपुर रॉयल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ''कोई भी आओ, हंस के दिखाओ'' कार्यक्रम का। इस अवसर पर दूर-दराज से आए लोगों के साथ शहर के डॉक्टर्स, लॉयर्स, उद्योगपति और कई प्रोफेशनल लोगों ने भी हंसी ठहाके लगाए। लोगों ने अपनी अदाओ और हंसी की विभिन्न मुद्राओं से एक दूसरे को जमकर हंसाया ।प्रसिद्ध हास्य कवि पीके मस्त ने अपनी अनोखी शैली में हंसा कर खूब वाह-वाही लूटी। हास्यम के अध्यक्ष सीएम शारदा ने बताया कि स्वास्थ, प्रसन्नता और विश्व शान्ति के लिए प्रतिबद्ध इस लाफ्टर आंदोलन को गति देने में सहयोग करने वाले सर्वश्री योगाचार्य हरिसिंह सौलंकी, पीके मस्त, डा. प्रमोद बंसल, आरके बागला, अंकुर चितलांगिया, अनीता रुंगटा एवम केसरलाल माहेश्वरी को सम्मानित किया गया।समारोह के समाजसेवी विवेक लड्डा मुख्य अतिथि थे ।इस अवसर पर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रमुख साधकों ने विभिन्न तकनीकों से जीवन को आनन्दित करने के प्रयोग भी सिखाए। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रमुक साधक अम्बरीश (संजय माहेश्वरी), रजनी माहेश्वरी, नरेन्द्र वैद रोटरी क्लब रॉयल के अध्यक्ष विष्णु बिरला, सचिव सुशील गोयल सहित सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# महानगर ग्रुप का गौशाला कार्यक्रम सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सौशल ग्रुप महानगर द्वारा, प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को 35th सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत, दिनांक 5 मई 2024 को प्रातः 8.30 बजे, दुगार्पुरा गौशाला में हरा चारा, ककड़ी, केला, रोटियां आदि का वितरण किया। दिनांक 5 मई 2024 के कार्यक्रम के पुण्यार्जक, ( पुण्य तिथि स्वङ्ग श्री मनोहर लाल जी छाबड़ा के अवसर पर) अनिल - रेणु छाबड़ा, ( मिलाप नगर ) वरिष्ठ सदस्य, महानगर ग्रुप, थे। आज के कार्यक्रम में अनिल - रेणु छाबड़ा अपने पूरे परिवार के साथ साथ महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष सीएस जैन, रवि प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष सुशील कासलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य विनीत जैन, अमिता जैन एवं महानगर ग्रुप सदस्य कमलेश जैन, अशोक जैन, मनीष जैन आदि ने अपनी सहभागिता निभाई। महानगर ग्रुप के अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार का माला पहनाकर स्वागत किया एवं उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# जिन बातों से नकारात्मक सोच आता है बस उनको रोक लो फिर देखो परिणाम : मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज

## नवीन वेदी पर विराजमान होंगे प्रभु, श्री मद् जिनेन्द्र सहस्त्र नाम विधान में भक्त ले रहे हैं लाभ : विजय धुर्रा

**बादकपुर, दमोह. शाबाश इंडिया।** जिन बातों से नकारात्मक सोच आता है बस उनको रोक लो, पॉजिटिव सोच तुम्हें कहीं से भी लाने की जरूरत नही, तुम्हारे अंदर खुद पॉजिटिव सोच विद्यमान है। हम अधर्म को छोड़ते नही और धर्म करने लग जाते है, इसलिए धर्म करने में तुम्हे आनंद नही आता, तुम्हे फल भी नही मिलता, तुम्हे सिद्धि नही होती, फिर तुम धर्म से घ्रणा करने लगते हो। तुम अधर्म को त्यागे बिना धर्म की ओर बढ़ रहे हो, धर्म कोई चीज ही नहीं है, अधर्म के त्याग का नाम ही धर्म है। अहिंसा क्या है, हिंसा नही करना ही अहिंसा है तुम कितने पापी, रागी-द्वेषी हो, तुम अपनी किन आदतों से परेशान हो मन से वचन से काया से, उसको परखने का प्रयास करो और वह यदि तुम्हें पकड़ में आ गया, बस उसी में पूरी ताकत लगा दो कि मैं मन में यह विचार नहीं उठने दूंगा आपकी शक्तियाँ जागना चालू हो जाएगी, आपको सिद्धियाँ चालू हो जाएगी। क्योंकि आपने पकड़ लिया- मैं धर्म को जानता नही, मैं पाप को जानता हूँ, पाप से दुखी हूँ, इसलिए पाप को छोड़ता हूँ। धर्म को जानने की जरूरत नहीं, तुम धर्मात्मा बन जाओगे उक्त आश्य के उद्गार परम पूज्य मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने बादकपुर दमोह में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

## श्री मद् जिनेन्द्र सहस्त्र नाम विधान में भक्त ने मंडल पर किया अर्घ समर्पण

मध्य प्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी, क्षुल्लक श्री उत्कृष्ट सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया शुयस के निर्देशन में चल रहे श्री मद् जिनेन्द्र सहस्त्र नाम विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर नवीन वेदी पर भगवान जिनेन्द्र देव को पूरी भक्ति भाव के साथ विराजमान किया जायेगा विधान के समापन के साथ ही पूरे भक्ति भाव के साथ कल छःमई को श्री जी को पूरे विधि-विधान के साथ उच्च आसन पर विराजमान किया जायेगा। आज पूरे भक्ति भाव के साथ भगवान की महापूजन के साथ ही संगीत के साथ प्रभु की भक्ति करते हुए श्रद्धालुओ ने मंडल पर अर्घ समर्पित किए।

## जैनियों के भगवान के पास कुछ भी नहीं है न अस्त्र-शस्त्र कुछ भी नहीं होता


उन्होंने कहा कि जैनियो के भगवान के पास कुछ भी नही है, न अस्त्र है, न वस्त्र है, न आभूषण है और वह जहां पहुंचते हैं, सबसे ज्यादा खर्च उन्ही पर होता है। भगवान जब बैठते हैं तो समवशरण में बैठते हैं, दुनिया में किसी के भगवानों के लिए इतना खर्च नहीं किया गया जितना जिनेन्द्र देव के लिए किया गया क्योंकि वो बहुत अच्छे है। जो जितना निमोर्ही होगा, जितना वीतरागी होगा, दुनिया उससे उतना ही राग करेगी यह सम्यकदृष्टि का लक्षण है। सम्यक दृष्टि को उसे देखने में आनंद आता है जो किसी को नहीं देखता सम्यकदृष्टि उससे राग करता है जो किसी से राग नहीं करता।

# विश्व हास्य दिवस पर 100 ग्रामीण बच्चों के लिए खुशियां भेंट की



**मनीष पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर एवम श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वावधान में अजमेर अंचल का ग्राम नरवर की गोडविल स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाले 100 से अधिक ग्रामीण बच्चो को विश्व हास्य दिवस के दिन टी शर्ट एवम रंग बिरंगी पोशाक समिति संरक्षक राकेश पालीवाल एवम समिति अध्यक्ष अतुल पाटनी के सहयोग से भेंट करके खुशियां प्रदान की गई। महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी के संयोजन में एवम समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के आतिथ्य में विद्यालय के प्रधान अध्यापक घनश्याम सेन को दी जिसे बच्चो के अभिभावकों के सम्मुख भेंट की जाएगी।

## वेद ज्ञान

### कर्म का महत्व बेहद खास...

अधिकांश लोग भौतिक शरीर और मन के कार्यकलापों में व्यस्त रहते हैं। जो लोग ऐसे कार्यकलापों की निम्नतम अवस्था में हैं उनमें से विरले ही आध्यात्मिक स्तर को समझ सकते हैं। ये लोग सामान्यतया भ्रम में रहते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उनके पाप और पुण्य के विविध कार्य इंद्रियतृप्ति के आचरण के माध्यम से नश्वर शरीर के सुख की वृद्धि पर केंद्रित होते हैं। भौतिक विज्ञानी भौतिक इंद्रियों को (जिनमें आंख, नाक, कान, त्वचा, जीभ और मन सम्मिलित है) तुष्ट करने के लिए अनेक विषयों को खोज निकालते हैं। इस तरह यह वैज्ञानिक भौतिक सुखों को बढ़ाने के लिए परोक्ष रूप से अनावश्यक स्पर्धा का क्षेत्र तैयार कर देते हैं जिससे सारा विश्व अनावश्यक क्लेश के भंवर में फंस जाता है। इसका परिणाम होता है विश्वभर में अभाव। यहां तक कि जीवन की सामान्य आवश्यकताएं- रोटी, कपड़ा और मकान- भी विवाद की वस्तुएं बन जाती हैं। इस तरह ईश्वर प्रदत्त सादा जीवन और उच्च विचार की परंपरागत जीवन-शैली में सभी प्रकार के व्यवधान आ जाते हैं। जो व्यक्ति ऐसे स्थूल भौतिकतावादियों से कुछ ऊपर हैं, वे मृत्यु के बाद के जीवन होने में दृढ़ विश्वास रखते हैं और फलस्वरूप वे स्थूल इंद्रिय-भोग के मौजूदा जीवन स्तर से कुछ ऊपर उठने का प्रयास करते हैं। वे पुण्यकर्म करके अगले जीवन के लिए कुछ पुण्य संचित करने का प्रयास करते हैं। जिस तरह कोई व्यक्ति भावी सुख के लिए बैंकों में कुछ धन जमा करता है, किंतु ये लोग यह नहीं समझ पाते कि पुण्य कर्मों को करने से भी कोई व्यक्ति कर्म के बंधन से छूट नहीं सकता। न तो पापी और न ही पुण्यात्मा और भौतिकतावादी यह समझता है कि सदैव प्रतिकूल कर्म-बंधन से मुक्ति पाने के लिए कर्मयोग ही एकमात्र साधन है। इसलिए दक्ष कर्मयोगी और आसक्त भौतिकतावादी जैसा भी आचरण करता है, किंतु साथ ही साथ वह अपने कर्मफल को भगवान को भी अर्पित करता रहता है जिससे सामान्य लोगों को यह शिक्षा मिले कि सामान्य कार्य को करते हुए भी कर्म और कर्मफल के बंधन से किस तरह निकला जा सकता है। इस प्रकार स्वयं कर्मयोगी को और संपूर्ण जगत को एक साथ लाभ होता है।

## संपादकीय

### बुजुर्गों की अहमियत!



हमारे देश में सामान्य तौर पर बुजुर्गों की अहमियत है। सभी अपने घर के बड़े-बूढ़ों का खयाल रखने की कोशिश करते हैं। मगर उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अपेक्षित नीतिगत व्यवस्था की कमी रही है। खासकर ढलती उम्र में उनके स्वास्थ्य का खयाल रखने के लिए बीमा जैसी व्यवस्था में भी अभी तक उनके लिए पर्याप्त जगह नहीं रही है। यह बेवजह नहीं है कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचले पायदान पर है।



'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से गुरुवार को जारी एशियाई विकास बैंक की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाना वक्त का तकाजा है। हालांकि गरीब लोगों को नकदी रहित स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजना आने के बाद से बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का विस्तार हुआ है, लेकिन इस ओर विशेष ध्यान देना समाज और देश के हित में है, क्योंकि अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' ज्यादा हो सकता है। दरअसल, बदलती स्थितियों में बुजुर्गों को अपनी सेहत के लिहाज से ज्यादा संसाधनों की जरूरत पड़ती है। परिवार और समाज के अतिरिक्त व्यवस्थागत ढांचे में कुछ ऐसे नियम-कायदे हैं, जिनमें कई बार बुजुर्गों को या तो उपेक्षा झेलनी पड़ती या फिर उन्हें कमतर सुविधाएं मिलती हैं। मसलन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा के मामले में देखें तो ज्यादा उम्र के लोगों के लिए जैसी शर्तें रखी गई हैं, उसमें उनका कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाता। जबकि बढ़ती उम्र के साथ सेहत के लिहाज से कई ऐसी स्थितियां पैदा होती हैं, जिनमें उन्हें स्वास्थ्य बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है। हालांकि अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने बुजुर्गों को भी बीमा खरीदने की सुविधा प्रदान कर दी है। पर स्वास्थ्य बीमा का खर्च कम और उनकी पहुंच में होना चाहिए। इस संदर्भ में देखें तो एशियाई बैंक विकास की ताजा रिपोर्ट नीतिगत स्तर पर ठोस पहल की जरूरत को रेखांकित करती है।

## परिदृश्य

### बेलगाम उपद्रवी, सरकारी व्यवस्था पर सवाल

मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया



था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरूआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।

# गोपीनाथ गौशाला में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए गए परिंडे

## पेड़-पौधे, नदी-पर्वत की तरह पशु-पक्षी भी पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं



**सीकर. शाबाश इंडिया।** गोपीनाथ गौशाला परिसर में भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कई जगह (परिंडे) जलपात्र टांगे गए। प्रियंक जैन ने कहा कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है, और इस गर्मी में अगर सबसे बड़ी चुनौती है तो पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की होती है। उन्होंने कहा की बदलते पर्यावरण के बीच पक्षियों के लिए यह दौर चिंताजनक हो गया है ।बेजुबान पक्षियों की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है कि कम से कम अपने घरों के आसपास लगे पेड़ पौधों पर मिट्टी के पात्र (परिंडे) टांगकर उसमें रोजाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की ।इस अवसर पर आलोक काला गोपाल काला अनीता काला अनिल बबिता दीवान जयकुमार छाबड़ा प्रियंक जैन कमल शर्मा डॉ. झाबर आदि मौजूद रहे।

# मनुष्य जीवन को माटी नहीं अनमोल समझे :गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव गणिनी भूषण आर्यिका रत्न 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री दि. जैन मंदिर मंगल विहार, जयपुर में विराजमान है। पूज्य माताजी के प्रवचनों द्वारा हर एक कालोनियों में - धर्म की महती प्रभावना हो रही है। अनमोल इस मानव जीवन को माटी जैसा मत समझे। इस विषय पर प्रवचन देते हुए माताजी ने कहा कि- चाहे नारकी हो, देव हो या तिर्यंच वह कभी मुट्ठी बांधकर जन्म नहीं लेता। सिर्फ मनुष्य ही मुट्ठी बांधकर जन्म लेता है क्यों क्योंकि यह जीव नारकी, देव या तिर्यंच पर्याय में संयम, रत्नत्रय को नहीं पा सकता, मोक्ष नहीं जा सकता। सिर्फ मनुष्य पर्याय से ही मोक्ष जा सकते है, संयम धारण कर सकते है, और भगवान बनने की कला मनुष्य पर्याय में ही संभव है। अतः मनुष्य मुट्ठी में रत्नत्रय धारण करने की क्षमता को लेकर जन्म लेता है, जो जीवन का सार है। मंगल विहार में प्रवासरत पूज्य गुरुमाँ के श्री चरणों में श्रीमति शारदा जैन ने क्षुल्लिका दीक्षा ग्रहण करने की भावना व्यक्त की एवं श्रीफल समर्पित किया। कालोनी के सभी श्रावकों ने उनके संयम भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं अनुमोदना की। गुरुमाँ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य प्रेमचन्द जैन सपरिवार ने प्राप्त किया। शाम को स्वाध्याय, गुरु वंदना एवं आरती करने का लाभ अनेकों श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया।

# मुनि श्री ब्रह्मानन्द सागर शिक्षण एंव जैन संस्कार शिविर का शोभायात्रा निकालकर झण्डारोहण कर किया गया शुभारंभ

**पिड़ावा. शाबाश इंडिया।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में पिड़ावा की धार्मिक नगरी में आत्म कल्याण में सहयोगी जिनेन्द्र भगवान की वाणी का रसास्वादन करने हेतु दिनांक 5 मई से 13मई 2024तक ब्रम्हानंद सागर शिक्षण एंव संस्कार शिविर की शौभायात्रा निकाल कर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मन्दिर नवीन जिनालय खंडुपुरा में झण्डारोहण किया गया ।जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मंदिर नवीन जिनालय खंडुपुरा में बाल ब्रम्हचारी संजय भैया जी पठारी के कूशाल निर्देशन एवं सानिध्य में पुण्यार्जक परिवार राजेन्द्र जैन पूर्व चेयरमैन, प्रमोद जैन,बन्टी भैया की और से विधिवत रूप से झण्डारोहण कर 9 दिवसीय शिविर का उदधाटन किया गया। इस शिविर में गागर में सागर के समान अथाह ज्ञान को समाये हुवे सरल, प्राकृत प्रवेश (आचार्य प्रणीत ग्रन्थों की आत्म हितकारी 51 गाथाएं ), प्रातः 8.00बजे से9.00बजे तक, दोपहर में 3.00बजे से 4.00बजे तक इष्टोपदेश व रात्रि में 8.00बजे से 9.00बजे तक परमात्म गीतिका( भावना बतीसी का बहुत सुन्दर विवेचन) का अध्ययन बहुत सरल रूप में हनो दिनों तक होगा। एवं छोटे भैया , बहिनों को राजकुमार जैन, कुलदीप जैन,पीयुष जैन, सचिन जैन,चेतन जैन, रानी जैन,सोनु राजस्थानी, प्रीति जैन, प्रांजल शास्त्री, माधुरी जैन,निहारिका जैन,अनुभुति जैन,राजुल जैन अध्यापकों द्वारा जिनागम प्रवेश का अध्ययन कराया जाएगा। शिक्षण शिविर के उदधाटन सत्र में 7.30बजे जुना मन्दिर से ध्वजा, बैण्ड, आदि के साथ मां जिनवाणी को श्रावको ने मस्तक पर रखकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा खण्डुपुरा से नयापुरा लाल जैन मंदिर नयापुरा होते हुवे मौहल्ला पिपली चौक,शहर मौहल्ला, सेठान मौहल्ला होते हुवे वापस खण्डुपुरा पहुंची।





# संगीतमय णमोकार एवं भक्तामर अनुष्ठान मे महिलाओं ने 48 दीपक गाजेबाजे से मण्डप पर समर्पित किए

### 108 महिलाओं ने संगीत के साथ झूलाया भगवान मुनिसुव्रतनाथ का पालना

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**



निवाई। आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोध मति माताजी के आशीर्वाद से णमोकार महामंत्र एवं संगीतमय भक्तामर स्त्रोत्र अनुष्ठान किया गया। जिसमें महिलाओं ने भगवान मुनिसुव्रतनाथ का पालना झूलाकर महोत्सव मे 108 महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जैन सोशल ग्रुप के कोषाध्यक्ष हितेश छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ संजय सोगानी पारस जैन शशी सोगानी एवं आभा सोगानी ने भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राकेश संधी एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि गायक विमल जौंला अजीत काला विमल सोगानी हेमा बनेठा संजू जौंला यामिनी छाबड़ा सुनीता बडागांव सावित्री जैन अनिता गोयल रितु सारसोप आभा सोगानी ने संगीत के साथ णमोकार महामंत्र एवं रिद्धि मंत्रों का उच्चारण करके 48 भक्तामर पाठ श्लोकों की प्रस्तुतियां दी जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तामर पाठ की रचना की। विमल जौंला राकेश संधी एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर अनुष्ठान के कार्यक्रम में भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी का पालना झूलाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी के चित्रण करके पालना को सजाया गया जहाँ महिलाओं ने भगवान आदिनाथ से लेकर महावीर तक के गीतों पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किए।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन



**शाबाश इंडिया।** किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो जाये तो सहन कर लो। क्योंकि सोना यदि कीचड़ में गिर जाये तो उसकी कीमत कम नहीं हो जाती। कभी-कभी थोड़ा सहन करना भी चाहिए। दुनिया का हर पुरुष अपनी पत्नी में सीता, सावित्री जैसी सुशील और मृदुभाषी रूप चाहता है। पर क्या तुमने कभी यह भी सोचा है इसके लिए तुम्हें भी राम जैसा होना पड़ेगा- ? राम की मर्यादाओं को जीना पड़ेगा? सीता जैसी पतिव्रता पत्नी चाहिए तो राम जैसा आदर्श प्रस्तुत करना पड़ेगा? भारतीय संस्कृति में पत्नी महज वासना पूर्ति का साधन नहीं होती है। प्रसाधन अपितु वह अपने पत्नी जीवन जंग के साथ धर्मपत्नी का दायित्व भी निर्वाह करती है, वह तुम्हें धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, इस मायने में पत्नी तुम्हारी मार्गदर्शक भी है। अतः तुम्हें अपनी पत्नी की भावनाओं को समझना चाहिए तथा उनका आदर करना चाहिए, वह देवी स्वरूप है। जब पति परमेश्वर हो सकता है.. तो पत्नी देवी स्वरूप क्यों नहीं हो सकती है...?। **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**



# दिगम्बर जैन महासमिति जयपुर पश्चिम संभाग द्वारा पक्षियों हेतु परिंडा महोत्सव मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्यासे पक्षियों हेतु परिंडा महोत्सव की कड़ी में माधव पार्क, बरकत नगर में दिनांक 5 मई 2024 को परिंडा महोत्सव कार्यक्रम दिगम्बर जैन महासमिति जयपुर पश्चिम संभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद जैन भँवर ने बताया इसमें निर्मल कुमार संघी, सुरेन्द्र जैन पांड्या, पूर्व आईपीएस अनिल जैन, डॉ णमोकार जैन, डॉ राजेन्द्र जैन, महेंद्र छाबड़ा, राजेश बड़जात्या, पार्षद राजेश कुमावत, अनिल छाबड़ा, महेश चांदवाड, सुरेश जैन, महेंद्र कुमार जैन, राजेश जैन, सरला संघी, सीमा बड़जात्या, प्रकाश सिकंदराबाद वाले, राकेश संघी, चक्रेश जैन, पदम जैन चौधरी, मनोज गोधा, अर्पित जैन, सतीश अकेला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परिंडों की साफ सफाई व नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया तत्पश्चात समाजसेविका मनीषा जैन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।



## जीवदया परिवार व महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के द्वारा सकोरा वितरण व चिन्हित स्थानों पर प्याऊ लगाने के कार्य का शुभारम्भ



**नौगामा. शाबाश इंडिया**

जीव दया परिवार एवं महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के संयुक्त तत्वावधान में आज 1008 भगवान आदिनाथ जैन मंदिर परिसर के बाहर जैन पाठशाला के छात्र एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सकोरै वितरण किए गए एवं पूरे नगर में चिन्हित स्थानों पर पानी की शीतल प्याऊ एवं पशु पक्षियों के लिए पानी की टंकियां लगाने का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने उपस्थित सभी ग्रामीणौ एवं जैन पाठशाला के छात्रों को यह शपथ दिलाई गई की यह सकोरै अपने घरों के बाहर उन स्थानों पर बाधेंगे जहां पर चिड़िया आसानी से पानी पी सके एवं प्रतिदिन प्रातः उठने के बाद एक लोटा पानी जरुर डालेंगे एवं पक्षियों की दाने-पानी की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने बताया कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा प्रत्येक गांववो में जाकर सकोरे वितरण किया जा रहे हैं एवं लगभग इस वर्ष 10 हजार सकोरे बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोरी ने बताया कि जीवदया प्रेमी सदस्यो के सहयोग से अन्य स्थानों पर भी सकोरे वितरण किए जाएंगे एवं जीव दया परिवार का उद्देश्य प्रत्येक दिन जीव दया के कार्य करना है। इस अवसर पर जैन पाठशाला के सभी छात्रों ने नगर में घर-घर जाकर सकोर बाटे, इस अवसर पर समाजसेवी विपुल पंचोरी, हसमुख गाँधी , दर्शन पंचोरी, निरज दौसी, जयेश पंचोरी, विणा देवी, नियम पंचोरी, जेनम पंचोरी सारिका नानावटी रमीला देवी , उमीर्ला दौसी अपना सहयोग प्रदान किया।




# सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत जीवदया का कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप कीर्ति द्वारा सामाजिक कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार, दिनांक 5 मई 2024 को प्रातः 7.30 बजे दुर्गापुरा गोशाला में जीवदया के अन्तर्गत पशुओं को चारा, गुड, फल, लड्डू खिलाये गये। इस सामाजिक कार्य में गजेन्द्र -सीमा पाटनी, नरेन्द्र -शर्मिला मित्तल, एडवोकेट राजेश -ऋतु जैन, रजनीश - विभा अजमेरा, अनिल - सुनीता रांवका का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में ग्रुप परामर्शक रमेश -संतोष पाटनी, संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार जैन, अध्यक्ष मनोज-मीनाक्षी गंगवाल, उपाध्यक्ष अतुल पाटोदी, सचिव विनित-रीना गोदिका, संयुक्त सचिव ललित पाटनी, कोषाध्यक्ष निखिल गोधा, कार्यकारिणी सदस्य अपूर्व, मीनाक्षी-योगेश गंगवाल एवं सदस्य अनिल रांवका, आशीष जैन एवं नरेन्द्र मित्तल भी उपस्थित थे।




**श्री पवन कुमार जी-श्रीमती सरोज गोदिका**

अध्यक्ष : चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर

**को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई**

शुभेच्छु : धर्मेंद्र गोदीका (उपाध्यक्ष),
प्रमोद बाकलीवाल (मंत्री),
मनोज बाकलीवाल सीए (स. मंत्री),
विरेन्द्र कुमार सेठी (कोषाध्यक्ष)

**चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर**


# आचार्य सुनील सागर जी महाराज को लाडनूं चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट किया



**लाडनूं. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन समाज के सदस्यों के एक दल ने अजमेर में विराजित आचार्य सुनील सागर जी महामुनिराज को श्रीफल भेंट किया व ससंघ लाडनूं पदार्पण करने व आगामी चातुर्मास लाडनूं में करने के लिए निवेदन किया। इस अवसर पर लाडनूं की दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आचार्य श्री ने अपने संबोधन में लाडनूं की ओर विहार करने के सकारात्मक संकेत दिए व उपस्थित श्रावकों को मंगल आशीर्वाद दिया। समाज के सदस्यों ने आचार्य सुनील सागर जी व संघ के साधुओं व आर्यिकाओं के दर्शन किए व प्रवचन श्रवण किया तथा उनकी आहार चर्या का अवलोकन कर पुण्यार्जन प्राप्त किया। यात्रा के अगले चरण में यात्रा संघ ने अजमेर के विभिन्न मंदिरों तथा नवोदित तीर्थ नारेली के जिनालयों के दर्शन किए। यात्रा संघ में समाज के अशोक सेठी, विकास पांड्या, राजेश कासलीवाल, भागचंद जैनाग्रवाल, आकाश कासलीवाल, राज पाटनी, रोबिन बड़जात्या, महेंद्र सेठी, पदम जैनाग्रवाल, रजनीश मच्छी, आकाश सेठी,रुबल बड़जात्या, राजकुमार जैनाग्रवाल, श्रीपाल सेठी,अरुण जैनाग्रवाल,राजू गोधा, संतोष सेठी, मनफूल मच्छी, सुशीला कासलीवाल, सुमन पाटनी ,चंदू सेठी,किरण बड़जात्या, वीणा गंगवाल,रश्मि पांड्या ,चारु गंगवाल, अनिता जैनाग्रवाल, मेरी बड़जात्या, अनिता गोधा, कल्पा कासलीवाल सहित लगभग 60 सदस्य सम्मिलित हुए।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया.... पर झूमे श्रद्धालु-शांति करो सब जगत में वृषभादिक जिनराज...



## भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालो शांतिनाथ के दरबार में गूजे शांतिनाथ के जयकारे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार 5 मई को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालों शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया गया इस मौके पर आयोजित संगीतमय श्री शांतिनाथ महामण्ड़ल विधान पूजा में दम्पति सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह में आयोजित कार्यक्रम पूजा के दौरान भगवान शांतिनाथ के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व श्री जी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। भगवान शान्तिनाथ की प्रतिमा के समक्ष अतिथियो द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगल कलश स्थापित कर दोपहर 12.15 बजे से संगीतमय शांतिविधान पूजा का शुभारंभ किया गया। प्रसिद्ध गायक नवीन जैन एण्ड पार्टी द्वारा संगीत के साथ भक्ति मय प्रस्तुति दी गई। पूजन के दौरान सौधर्म इन्द्र सचिन - कल्पना जैन कामां वाले, कुबेर इन्द्र कमल - मंजू वैद,महायज्ञ नायक मनोज - सीमा सोगानी पहाडी वाले एवं ईशान इन्द्र आशीष - मोनिका वैद सिरोली वाले एवं संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन - मीनू जैन निमोडिया के नेतृत्व में सभी इन्द्र -इन्द्राणियों द्वारा केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया...., चालों शांतिनाथ के द्वारे..., जब से प्रभू दर्श मिला...., बाजे कुण्डलपुर में बधाई कि नगरी में वीर जन्में....पर भक्ति नृत्य किए गए। मण्डल पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वलय में मंत्रोच्चार से अष्ट द्रव्य के 8,16,32 एवं 64 अर्घ्य चढाये गये। अन्त में शांतिनाथ भगवान की आरती एवं समुच्चय महाअर्घ के साथ पूजा का समापन हुआ। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवी लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाडी वाले दीप प्रज्जवलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, सासंद प्रत्याशी मंजू शर्मा गौरवमयी अतिथि थे । जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो की ओर से सभी अतिथियो का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया, कमल वैद, दीपक गोधा, सुशील जैन, आशीष जैन, पंकज जैन, अरुण जैन, नरेश बाकलीवाल, मुकेश पाटनी, दीपिका जैन कोटखावदा, मीनू जैन, शालू बाकलीवाल, नेहा जैन, दीपा गोधा, रेखा पाटनी आदि ने स्वागत एवं सम्मान किया गया। सचिव आशीष जैन ने बताया कि भाजपा शहर पूर्व अध्यक्ष संजय जैन, अशोक पाण्डया, भारतभूषण जैन, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद, दीपक गोधा, सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के दम्पति सदस्य, नार्दन रीजन के पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए । जैन के मुताबिक कमल - मंजू वैद ने मुख्य संयोजक, राजेन्द्र - विमला छाबड़ा, प्रदीप - रानू जैन ने संयोजक के रुप में अपनी सहभागिता निभाई। मंच संचालन विनोद जैन कोटखावदा एवं चेतन जैन निमोडिया ने किया । सचिव आशीष जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रंगसाड़ी द्वारा आयोजित हुआ साड़ी प्रीमियर लीग सीजन 1: सुशी सक्सेना

**नोएडा. शाबाश इंडिया**




दिल्ली एनसीआर, रंगसाड़ी की ओर से साड़ी प्रीमियर लीग का पहला संस्करण जो कि एक अद्वितीय आयोजन है। यह आयोजन नोएडा के क्लब 26 में 5 मई, 2024 को आयोजित की गई, जो फैशन और सहकर्मिता की दुनिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ₹साड़ी में खिलाड़ी₹ थीम के अंतर्गत, साड़ी प्रीमियर लीग ट्रेडिशन और प्रतिस्पर्धा का मेल दिखता हैं, जहां 14 टीम थी और हर टीम में पांच सदस्य थे और उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चर्चित चुनौतियों की एक श्रृंगारिक सीरीज को प्रस्तुत किया गया था। इस आयोजन का उद्देश्य साड़ी की परंपरा को जन जन तक ले कर जाना है। मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री मीनाक्षी वर्मा, क्अर, दिल्ली, ने अपनी उपस्थिति के साथ इस अवसर को गौरवित किया। इस आयोजन में जूरी की भूमिका श्रुति सिंह, डॉ संगीता तनेजा, मोहिनी प्रिया, सुमिता वाई गोयल, ज्योति जैन, नेहा सिकारिया, प्रीति नवीन, शिल्पी बहादुर, गुलरोज मोंगिया, और मनीषा गुप्ता ने जैसी प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने जूरी की प्रक्रिया को विश्वसनीयता पूर्वक निभाई। इस आयोजन को संभव बनाने में योगदान देने के लिए आर्टिस्टिक इल्लुशन, हेल्थ बेकर्स, स्पाइसी शुगर, सफायर ज्वेल्स, रंगली रंगलियोट, डी'वीयू, और एक्यू बाय एकेएस के जेनरस गिफ्टिंग पार्टनरों का धन्यवाद दिया। महत्वपूर्ण प्रारंभिक रूप से अनुराग्यम, रेमंड, तानेरा साड़ी, स्टूडियो वोवन वाल्स, चाटोरे नुक्कड़, और नेशनल नेटवर्क ने साड़ी प्रीमियर लीग की सफलता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक विशेष बात, इस आयोजन के दौरान एक पत्रिका लॉन्च किया गया, जो 50 महिला उद्यमियों की प्रशंसा करने के लिए समर्पित थी, जो रंगसाड़ी के समर्थन को बढ़ावा देती है और उनकी कामयाबियों को मनाती है। साड़ी प्रीमियर लीग का पहला संस्करण फैशन की दुनिया में रचनात्मकता और समावेशीता के लिए एक नया मानक स्थापित कर चुका है, और रंगसाड़ी इस सफलता पर आगे बढ़ने के लिए उत्सुक है। हर वर्ग की महिलाओं ने अपने बचपन को दोबारा जीवंत किया और पूरे आयोजन में रंग भर दिया। विजेताओं को क्राउन, ट्रॉफी, उपहार और पदक से सम्मानित किया गया। रंगसाड़ी की संस्थापिका डॉ. निधि बंसल ने समृद्धि और आकर्षण के साथ इस घटना का आयोजन किया। उन्होंने सभी सदस्यों, टीमों, जूरी, मेहमानों, और समर्थकों को उनके योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के जी एम अमिताभ व मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससँघ के दर्शन व सिद्धकुट चैत्यालय सोनी जी की नसियां में दर्शन किए



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। उत्तर पश्चिम रेलवे के जी एम अमिताभ व मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससँघ के दर्शन व सिद्धकुट चैत्यालय सोनी जी की नसियां में दर्शन किए। श्री दिगम्बर जैन महासमिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि दिगम्बर जैन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रेष्ठि प्रमोद चंद सोनी व दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाटनी ने स्वर्णमयी अयोध्या नगरी व हस्तिनापुर अजमेर के इतिहास के बारे में बताया तत्पश्चात दोनों अधिकारी आचार्य श्री से आशीर्वाद लेने छोटे धड़े की नसिया में पहुंचे जहां पर आचार्य श्री ने जैन धर्म के बारे मै व साधु संतों की जीवन चर्या पर प्रकाश डाला जिस पर वे बहुत अभिभूत हुए और जैन धर्म के त्याग व तपस्या की सराहना की। इस अवसर पर प्रमोद चंद सोनी, प्रकाश पाटनी, पुखराज पहाड़िया, कमल गंगवाल, विजय पांड्या, धनेश गंगवाल, देवांग जैन आदि उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ब्यावर डायमंड के राजीव झंवर अध्यक्ष मनोनित



**ब्यावर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब ब्यावर डायमंड की साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें सर्व सम्मति से राजीव झंवर को आने वाले संभागीय वर्ष 2024-25 के लिए अध्यक्ष मनोनित किया गया। वर्तमान अध्यक्ष कुश मूंदड़ा ने अपना अधिभार उन्हें सौंपने की घोषणा की और आने वाले वर्ष में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। साथ ही क्लब के पूर्व अध्यक्ष पुनीत तवानी को नए वर्ष हेतु संभागीय अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया। राजीव झंवर ने अपनी कार्यकारिणी में अभिषेक राठी को मंत्री तथा पंकज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनित किया। कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी नाम फाइनल किए गए।